भास्कर डेटा स्टोरी 5 चुनावों का ट्रेंड- विधानसभा चुनाव में निर्दलीय व छोटे दलों की भी अहम भूमिका, किंगमेकर तक बने

20 से 30 सीटों पर जीत का अंतर 5 हजार से कम रहा, दलों के समीकरण बिगाड़े

संदीप शर्मा | पानीपत

हरियाणा विधानसभा चुनाव में इस बार मुख्य मुकाबला भले कांग्रेस और भाजपा के बीच माना जा रहा है, लेकिन छोटे दलों व निर्दलीयों की भूमिका को अनदेखा नहीं कर सकते ये खेल बिगाड़ साबित हो सकते हैं और किंगमेकर भी।

पिछले 5 चुनावों का ट्रेंड रहा है कि 22 से 31 सीटों पर हार-जीत का अंतर 5 हजार से कम रहता है। इनमें से 8 से 10 सीटों पर यह अंतर 2 हजार से कम रहा। 3 से 7 सीटों पर एक हजार से भी कम वोटों से पासा पलटा। सोनीपत की राई सीट पर कांग्रेस के जयतीर्थ दहिया ने इनेलो के इंद्रजीत दहिया को 3 वोट से हराया था, जो सबसे कम अंतर है।

जय तीर्थ दहिया | इन्द्रजीत दहिया

पिछले 5 चुनावों में 40 निर्दलीय जीते हैं। साल 2000 में 11 तो 2005 में 10 निर्दलीय जीते। 2009 व 2019 में तो निर्दलीयों की अहम भूमिका रही। दोनों चुनावों में 7-7 निर्दलीय जीते। 2009 में कांग्रेस व 2019 में भाजपा की 40-40 सीटें आईं। 2009 में 6 विधायकों वाली हजकां के 4 विधायकों को पलटी मरवाकर हुड्डा ने दूसरी बार सत्ता हासिल की। 2019 में 10 विधायकों वाली जजपा सत्ता में साझेदार बनी।

त्रिकोणीय मुकाबले में फंसे कई दिग्गज

2019 में सिरसा सीट पर हरियाणा लोकहित पार्टी (हलोपा) के गोपाल कांडा कड़े मुकाबला में निर्दलीय गोकुल सेतिया से सिर्फ 602 वोट से जीत पाए थे। यहां 18 प्रत्याशी मैदान में थे। 2014 में शाहाबाद सुरक्षित सीट पर भाजपा के कृष्ण बेदी ने 562 वोट से इनेलो के रामकरण काला को हराया। यहां कांग्रेस के अनिल धंतौड़ी ने मुकाबले को त्रिकोणीय बना दिया था। 2005 में अम्बाला कैंट में मुकाबला त्रिकोणीय बनने से कांग्रेस के देवेंद्र बंसल ने निर्दलीय अनिल विज को मात्र 615 वोट से हराया था। तब निर्दलीय हीरा लाल ने मुकाबला त्रिकोणीय बनाया था।

दादरी, घरौंडा में हुए सबसे नजदीकी मुकाबले: घरौंडा व दादरी सीटें ऐसी हैं, जो नजदीकी मुकाबलों की गवाह बनी हैं। 2005 में घरौंडा में जीत का अंतर 21 तो 1996 में सिर्फ 11 रहा था। दादरी में 4 बार नेक टू नेक मुकाबला रहा है। 1991 में यहां जीत का अंतर 80 रहा। वर्ष 2000 में 777, 2009 में 145 और 2014 में 1,610 का अंतर रहा। 1977 से लेकर 2019 तक 10 बार हार-जीत का अंतर 100 से कम रहा है। 1982 में साढ़ौरा में भाजपा के भागमल ने कांग्रेस के प्रभु राम को सिर्फ 10 वोट से हराया था। रोहट, नारनौंद, अटेली, यमुनानगर, रेवाड़ी में जीत का अंतर 100 से कम रहा।

जीत-हार के कम अंतर वाली सीटें

चुनाव वर्ष	5 हजार से कम अंतर	2 हजार से कम अंतर	1 हजार से कम अंतर
2019	24	10	3
2014	27	8	4
2009	31	8	7
2005	23	10	7
2000	22	9	6

▪ **2019:** सिरसा-602, थानेसर-842, पुन्हाना-816

▪ **2014:** शाहाबाद-562, राई-3, रतिया-453, नांगल चौधरी-981

▪ **2009:** उचाना-621, तिगांव -818, सोहना-505, लोहारू-623, दादरी-145, बाढड़ा-709, अटेली-973

जब हाई कोर्ट में 'हारे' जयतीर्थ

2014 में राई हलके में कांग्रेस के जयतीर्थ दहिया ने इनेलो के इंद्रजीत दहिया को 3 वोट से हरा दिया था। दहिया को 36,703 वोट मिले थे। उस चुनाव में कुल 15 प्रत्याशी मैदान में थे। नोटा को 477 वोट मिले। चुनाव को कोर्ट में चुनौती दी गई। 9 वोट पर विवाद था। ईवीएम की जांच और रिकॉर्ड मिलान में इंद्रजीत दहिया के 4 वोट बढ़ गए थे। जयतीर्थ का चुनाव अमान्य करार दिया गया।

वार रूम से बनेगी पार्टी की चुनावी रणनीति

कांग्रेस बनाएगी वार रूम, जल्द घोषणा पत्र जारी करेगी

भास्कर न्यूज | चंडीगढ़

कांग्रेस विधानसभा चुनाव की रणनीति बनाने के लिए वार रूम बनाएगी। पार्टी ने नवीन शर्मा को वार रूम का चेयरमैन नियुक्त किया है। इसे लेकर पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल ने पत्र जारी किया है। जल्द ही पार्टी का वार रूम बनेगा। इसमें कई कार्यकर्ताओं को भी लगाया जाएगा।

उधर, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष उदयभान ने कहा कि जल्द ही पार्टी का घोषणा पत्र जारी होगा। इसमें 5 साल की सरकार के काम का पूरा रोडमैप होगा।

प्रत्याशियों के चयन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी

उदयभान ने कहा कि पार्टी ने सभी 90 सीटों से उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया पहले ही शुरू कर दी थी। कांग्रेस पूरी प्रतिबद्धता के साथ घोषणाओं को लागू करेगी और हरियाणा को बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, अपराध व नशे से मुक्ति दिलाएगी। विधानसभा चुनाव की परीक्षा के लिए कांग्रेस का हर कार्यकर्ता पूरी तरह तैयार है। 5 साल में सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ सड़क से लेकर विधानसभा और संसद तक लगातार हमने संघर्ष किया है।

राज्यसभा चुनाव • व्हिप प्रभावी नहीं होता, आचार संहिता से बदले समीकरण

दल बदलने वाले विधायक अब 'फ्री', रास चुनाव में भाजपा की राह आसान

मनोज कुमार | चंडीगढ़

विधानसभा चुनाव की घोषणा होते ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। ऐसे में प्रदेश की राज्यसभा सीट को लेकर भाजपा की राह आसान हो गई है। इसकी दो वजह हैं। पहली-राज्यसभा चुनाव में विधायक के लिए पार्टी व्हिप मानने का दबाव नहीं होता है। कोई विधायक पार्टी लाइन से हटकर वोट करता है, तो सदस्यता पर खतरा नहीं होता। दूसरी-जजपा के दो और कांग्रेस के एक विधायक के खिलाफ दायर याचिका पर अब फैसला आने की संभावना नहीं है।

राज्यसभा की इकलौती खाली सीट के लिए 21 अगस्त तक नामांकन होगा। अभी तक किसी ने नामांकन फार्म भी नहीं लिया है। कांग्रेस प्रत्याशी उतारने में दिलचस्पी नहीं ले रही। इकलौता आवेदन होने की स्थिति में 27 अगस्त को नाम निर्विरोध घोषित हो जाएगा। मतदान की नौबत आई तो 3 सितंबर को होगा। वैसे, आचार संहिता लागू होने से विधायक फ्री हो गए हैं। भाजपा के पास पहले ही एक निर्दलीय और एक हलोपा के विधायक समेत कुछ 43 सदस्य थे। मौजूदा 87 सदस्यीय सदन में जीत के लिए मैजिक आंकड़ा 44 है। जजपा के दो विधायक भाजपा का समर्थन कर चुके हैं। कांग्रेस की विधायक किरण चौधरी भाजपा में शामिल हो चुकी हैं। भाजपा के पास आंकड़ा 46 हो चुका है।

कांग्रेस दिलचस्पी नहीं ले रही, विपक्ष सुस्त

* किरण चौधरी भाजपा में आने से कांग्रेस का आंकड़ा 28 है।

विधानसभा के रिकॉर्ड में कांग्रेस के अभी 29 विधायक हैं, जबकि किरण चौधरी भाजपा में जा चुकी हैं। जजपा के खाते में 10 विधायक हैं, लेकिन सात विधायक पार्टी से दूरी बना चुके हैं। चार निर्दलीय विधायक व इनेलो का एक विधायक है। विपक्ष बिखरा हुआ है। प्रदेश में राज्यसभा की 5 में से भाजपा के पास तीन सीट पहले से हैं। निर्दलीय सांसद कार्तिकेय शर्मा भाजपा का समर्थन कर रहे हैं। ऐसे में पांचवीं सीट भाजपा के पास आने से हरियाणा से कांग्रेस राज्यसभा में साफ हो जाएगी।

फैसला नहीं हुआ तो खारिज होंगी याचिका

विधानसभा स्पीकर के पास तीन विधायकों को अयोग्य ठहराने वाली याचिकाएं लंबित हैं। जजपा ने बरवाला विधायक जोगीराम सिहाग और नरवाना विधायक रामनिवास सुरजाखेड़ा, जबकि कांग्रेस ने तोशाम विधायक किरण चौधरी के खिलाफ याचिका दाखिल की हुई हैं। आचार संहिता लागू होने के बाद याचिकाओं पर फैसला होना संभव नहीं लग रहा। चुनाव के बाद स्वतः ही याचिकाएं समाप्त हो जाएंगी। इस संबंध में विधानसभा स्पीकर ज्ञानचंद गुप्ता के मुताबिक जजपा के दो विधायकों को नोटिस दिया हुआ है। किरण चौधरी के मामले में कानूनी सलाह ली जा रही है।

रामकरण व ईश्वर को कांग्रेस से आस, बबली बोले-मैं निर्दलीय भी लड़ लूंगा

टीम हरियाणा | दो दिन में चार विधायक गंवा चुकी जजपा बिखर रही है। उकलाना विधायक अनूप धानक, शाहाबाद से रामकरण काला, गुहला से ईश्वर सिंह और टोहाना से देवेंद्र बबली ने जजपा से इस्तीफा दे दिया। रामकरण काला खुद के लिए, जबकि गुहला-चीका विधायक ईश्वर सिंह ने बेटे रणधीर या बहू रेखा देवी के लिए कांग्रेस का टिकट मांगा है। लोकसभा चुनाव में सिरसा में कांग्रेस को समर्थन देने वाले टोहाना विधायक देवेंद्र बबली साफ कर चुके हैं, चुनाव टोहाना से ही लड़ेंगे। किसी पार्टी का टिकट मिला तो ठीक नहीं तो निर्दलीय उतरेंगे।

इधर, नरवाना विधायक रामनिवास सुरजाखेड़ा ने कहा कि भाजपा के टिकट पर लड़ेंगे। हालांकि शनिवार को जाट धर्मशाला में भाजपा के तीन मंडलों की बैठक में वर्करों ने कै. अभिमन्यु के सामने कहा कि पार्टी समर्पित कार्यकर्ता को ही टिकट मिले, बाहरी को नहीं। नारनौंद से विधायक रामकुमार गौतम बोले-जजपा का कोई सौदा नहीं बचा है। चुनाव लड़ना चाहता हूं। वर्कर फैसला लेंगे।

मां-बेटे के अलावा ढांडा ही बचे: 10 विधायकों वाली जजपा में दुष्यंत व नैना चौटाला के अलावा जुलाना विधायक अमरजीत ढांडा ही साथ नजर आ रहे हैं। ढांडा ने कहा-जजपा से चुनाव लड़ूंगा। इधर, अजय चौटाला ने बेलरखां में में कहा-जो गलतियां हुई हैं, भविष्य में नहीं होंगी।

भाजपा ने सभी हलकों में मजबूत प्रत्याशी को लेकर फीडबैक लिया

रोहतक | भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों में बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं के साथ दो दिन मैराथन बैठकें कीं। कार्यकर्ताओं से क्षेत्र के लिए पार्टी में मजबूत प्रत्याशी को लेकर फीडबैक लिया। इस दौरान टिकट के दावेदार अपने कार्यकर्ताओं को आगे करते हुए अपने नाम को प्रमुखता से पार्टी हाईकमान तक पहुंचाने की जोड़-तोड़ में लगे रहे।

दरअसल, भाजपा ने दो-दो पदाधिकारियों की 40 टीमें बनाई थीं। इन्हें प्रमुख व सह प्रमुख बनाकर कार्यकर्ताओं व बूथवार मतदाताओं का मन टटोलने के लिए विधानसभा क्षेत्रों में भेजा गया था। एक टीम को 2 से 3 विधानसभा क्षेत्रों की जिम्मेदारी दी गई थी। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली व बंतो कटारिया ने सफीदों, नारनौल, सौदान सिंह व अजय शर्मा ने पंचकूला, धर्मेंद्र प्रधान व अशोक गुर्जर ने गुरुग्राम, बिप्लब कुमार देब व मनीष यादव ने बाढड़ा, तोशाम विधानसभा क्षेत्रों में जाकर कार्यकर्ताओं के साथ बैठकें कीं।

ओड सभा के युवा प्रदेशाध्यक्ष कांग्रेस में शामिल, चुनाव लड़ने की संभावना

बलियाला (फतेहाबाद) | ओड सभा के युवा प्रदेशाध्यक्ष छिंदा नंगल कांग्रेस में शामिल हुए हैं। उन्होंने चंडीगढ़ में पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा व कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष उदयभान की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। छिंदा नंगल ने रतिया विधानसभा से चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर की है।

किसानों की आय तो दोगुनी हुई नहीं, सरकार ने दुर्गति कर दीः सैलजा

जुलाना | कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रदेश का विकास नहीं विनाश किया है, हरियाणा देश में बेरोजगारी में नंबर वन है, सरकार ने किसानों की आय दुगनी करने का वादा किया था आय तो दुगनी नहीं हुई पर किसानों की दुर्गति करके रख दी। आंदोलन में 700 से अधिक किसान शहीद हो गए।

1.20 लाख कर्मचारियों की नौकरियों की सुरक्षा पर संकट : अनुराग ढांडा

कैथल | आप के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने कहा कि प्रदेश में विधानसभा चुनाव की घोषणा होते ही प्रदेश के 1.20 लाख कर्मचारियों की नौकरी की सुरक्षा पर संकट आ गया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के घोषणा मंत्री बन चुके नायब सिंह ने कैबिनेट में अध्यादेश को मंजूरी दी थी लेकिन नियम नोटिफाई नहीं किए।

खुद को किंगमेकर कहने वाले दुष्यंत किंग ब्रेकर हैं: अभय

चंडीगढ़ इनेलो के प्रधान महासचिव अभय चौटाला ने कहा कि खुद को भविष्य की राजनीति का किंगमेकर कहने वाले दुष्यंत चौटाला वास्तव में किंग ब्रेकर हैं। उन्होंने कहा कि ओमप्रकाश चौटाला सबसे अधिक 5 बार हरियाणा के सीएम रहे, लेकिन दुष्यंत चौटाला ने 7 अक्टूबर 2018 को गोहाना में पूर्व उपप्रधानमंत्री देवीलाल की जयंती पर सम्मान दिवस रैली में ऐसा परिदृश्य पैदा किया कि अपने दादा ओमप्रकाश चौटाला के साथ विश्वासघात किया।

पंचायतों में महिलाओं को 50% आरक्षण दिया: दुष्यंत

पानीपत के सनौली खुर्द में पूर्व डिप्टी सीएम व जजपा नेता दुष्यंत चौटाला ने कहा कि विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की पहली सूची जल्द जारी की जाएगी। उन्होंने सरकार में कार्यकाल के दौरान महिलाओं को राजनीति में 33% आरक्षण और पंचायतों में 50% आरक्षण दिया गया।

तिरुमला तिरुपति देवस्थानाम्स, तिरुपति
विपणन विभाग

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

विपणन विभाग, टी.टी. देवस्थानम को ई-निविदाओं के माध्यम से 20,70,000 पेपर प्लेट्स (सिल्वरफॉइल के साथ) की आपूर्ति के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की गई थीं। निविदा सूचना और निविदा विवरण के लिए वेब साइट http://www.tirumala.org और https://tender.apeprocurement.gov.in पर लॉग ऑन करें। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें फोन नंबर: 0877-2264079, 2264555, फैक्स नंबर: 0877-2264554. एक्जीक्यूटिव ऑफिसर

TTD - 40021(31)/1/2024- PRO SEC (Adv. No. 113) Date: 17.08.2024

Ministry of Culture Government of India

कुरुक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केंद्र
(राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद की एक इकाई)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार
पिहोवा रोड, कुरुक्षेत्र, हरियाणा – 136118

विज्ञापन संख्या : 04/2024

कुरुक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केंद्र, कुरुक्षेत्र में एक वर्ष की अवधि के लिए 30000/– रुपये के समेकित मासिक वृत्तिका पर प्रशिक्षु (शिक्षा) की नियुक्ति के लिए वाक–इन–योग्यता/संचार कौशल परीक्षण हेतु योग्य उम्मीदवारों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

वॉक–इन परीक्षण 24.08.2024 को होगा।

पूर्ण विवरण जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट **https://kpsc.nscd.gov.in/en_US/advt-tenders/** का अवलोकन करे अथवा कुरुक्षेत्र पैनोरमा और विज्ञान केंद्र, कुरुक्षेत्र के कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

COURT NOTICE
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF Sh. Sher Singh
Civil Judge Jr. Div., Chandigarh
RAJINDER SINGH
Vs.
JAI BHAGWAN CHHACHHIA
CNR No. CHCH02-001796-2024
Next Date:-14-11-2024

PUBLICATION ISSUED TO:
JAI BHAGWAN CHHACHHIA - KARMA RAM AND SAVITRI CHHACHHIA W/o JAI BHAGWAN CHHACHHIA BOTH R/O H. NO 282, SECTOR 15 PANCHKULA, ADD 2-H. NO. 444, SECTOR 15 PANCHKULA

In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/ respondent(s) should appear in personal or through counsel on **14-11-2024 at 10:00 a.m.**

For details logon to:
https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Chandigarh

Civil Judge Jr. Div.
Chandigarh

Dated, this day of **07.08.2024.**

फॉर्म संख्या एनसीएलटी 3ए
राष्ट्रीय कम्पनी लॉ ट्रिब्यूनल के समक्ष, चंडीगढ़ पीठ
सीपी(सीएए) संख्या 20/चंडीगढ़/एचपी/2024
में
सीए(सीएए) संख्या 4/चंडीगढ/एचपी/2024
कम्पनी अधिनियम, 2013 के मामले में
तथा
कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 230 से 232 एवं अन्य लागू प्रावधानों के मामले में
तथा
आइनॉक्स विंड एनर्जी लिमिटेड ('याचिकाकर्ता कम्पनी 1/अंतरक कम्पनी') और आइनॉक्स विंड लिमिटेड ('याचिकाकर्ता कम्पनी 2/अंतरिती कम्पनी') एवं उनके संबंधित शेयरधारकों के मध्य व्यवस्था की योजना के मामले में

आइनॉक्स विंड एनर्जी लिमिटेड
(सीआईएन – L40106HP2020PLC010065)
प्लॉट नंबर 1, खसरा नंबर 264 से 267, औद्योगिक क्षेत्र, गांव बसाल, ऊना, हिमाचल प्रदेश – 174303, भारत
पैन: AAFCI6084A ...याचिकाकर्ता कम्पनी 1/अंतरक कम्पनी

आइनॉक्स विंड लिमिटेड
(सीआईएन – L31901HP2009PLC031083)
प्लॉट नंबर 1, खसरा नंबर 264 से 267, औद्योगिक क्षेत्र, गांव बसाल, ऊना, हिमाचल प्रदेश – 174303, भारत
पैन: AACCI0597B ...याचिकाकर्ता कम्पनी 2/अंतरिती कम्पनी

याचिका की सूचना

आईनॉक्स विंड एनर्जी लिमिटेड ('याचिकाकर्ता कम्पनी 1/अंतरक कम्पनी') और आईनॉक्स विंड लिमिटेड ('याचिकाकर्ता कम्पनी 2/अंतरिती कम्पनी') एवं उनके संबंधित शेयरधारकों के मध्य व्यवस्था की योजना (**"योजना"**) के अनुमोदन हेतु कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 230–232 के अंतर्गत एक याचिका, याचिकाकर्ता कम्पनियों द्वारा **5 जुलाई, 2024** को राष्ट्रीय कम्पनी लॉ ट्रिब्यूनल की चंडीगढ़ पीठ के समक्ष प्रस्तुत की गई थी और उक्त याचिका पर **6 सितम्बर, 2024** को राष्ट्रीय कम्पनी लॉ ट्रिब्यूनल, चंडीगढ़ पीठ के समक्ष सुनवाई तय की गई है।

याचिकाकर्ता कम्पनी 1 का पंजीकृत कार्यालय क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी पश्चिमी क्षेत्र के 15 मार्च, 2023 के आदेश के माध्यम से गुजरात राज्य से हिमाचल प्रदेश राज्य में स्थानांतरित कर दिया गया था। यह सूचना कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 230 से 232 एवं अन्य लागू प्रावधानों के अनुसार प्रकाशित की गई है।

इस याचिका का समर्थन या विरोध करने के इच्छुक किसी भी व्यक्ति को याचिकाकर्ता कम्पनी के वकील को अपने इरादे की सूचना, अपने या अपने वकील द्वारा हस्ताक्षरित, अपने नाम और पते के साथ भेजनी चाहिए, ताकि याचिका की सुनवाई हेतु निर्धारित तिथि से दो दिन पहले याचिकाकर्ता कम्पनी के वकील तक पहुँच जाए। यदि वह याचिका का विरोध करना चाहता है, तो विरोध के आधार या उसके हलफनामे की एक प्रति ऐसी सूचना के साथ प्रस्तुत की जाए। याचिका की एक प्रति नीचे हस्ताक्षरकर्ता द्वारा निर्धारित शुल्क का भुगतान करने पर, किसी भी व्यक्ति को, उसकी आवश्यकता पर, प्रदान की जाएगी।

हस्ताक्षर/–
रजत खन्ना / डी. भट्टाचार्य / दीती ओझा
दिनांक: 16 अगस्त, 2024 **अधिवक्ता**
हाउस नंबर 690, सेक्टर 11–बी, चंडीगढ़ – 160011
यूनिटी लीगल, एस–369, ग्रेटर कैलाश–II नई दिल्ली – 110048
संपर्क नंबर: 9855555154/ 9818499377
ईमेल: rajatkhannaadv@hotmail.com;
dhritiman.bhattacharyya@unitylegal.com; deeti.ojha@unitylegal.com

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई–निविदा सूचना

भारत संघ के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से उप. मुख्य सिग्नल एवं दूर संचार इंजीनियर (निर्माण) उत्तर पश्चिम रेलवे, बीकानेर की ओर से खुली निविदा सं. **एस एण्ड टी/सी/बीकेएन/24–25/03 (Two packet system)** का ऑन लाइन ई–टेण्डर आमंत्रित किया जाता है। **1. कार्य का नाम एवं कार्य का स्थान:** Part supply of material and execution of indoor-outdoor work related to provision of Electronic interlocking and MSDAC based Automatic Block Signalling system Churu-Sadulpur sections of Bikaner Division of North Western Railway. The work involves provision of new Electronic Interlockings at Sadulpur Junction, Hadyal, Dudhwa Khara, Aslu Stations and at Eight Auto Signalling Huts (ALH) to control mid -section auto signals. The work includes modification in M/s HITACHI Make existing EI of Churu Junction to suit patch doubling in CUR-SDLP Section. The work also includes provision of dual MSDAC in Auto Section and station yards along with associated works like trenching & laying of signalling and Telecom cables in pre fabricated ducts/DWC/GI pipes, supply-installation of point machines, Apparatus cases, Electric Lifting Barrier Gate, Signals, Earthing material, Data loggers, ELD, FACS, AFDAS, IoT based RDPMS, Passenger Amenity Telecom Items etc. **2. कार्य की अनुमानित लागत:** रूपये 664665617.77/–; **3. बिड सिक्योरिटी राशि रूपये:** रूपये 3473300.00/–; **4. बोली पूर्व बैठक:** दिनांक 27.08.2024 को उत्तर पश्चिम प्रधान कार्यालय, जवाहर सर्किल के पास जयपुर में प्रस्तावित है। **5. www.ireps.gov.in पर टेण्डर जमा करने की अंतिम तारीख व समय:** 17.09.2024 को 15.00 बजे तक। **6.** वेबसाइट का विवरण और नोटिस बोर्ड की लोकेशन: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। उप मुख्य सिग्नल एवं दूर संचार इंजीनियर (निर्माण) कार्यालय, कोठी न.30, ढोला मारू होटल के सामने बीकानेर– 334001 के कार्यालय के सूचना पट्ट। **968-AN/24**

हमें /NWRailways पर फॉलो करें

HIMACHAL PRADESH PUBLIC WORKS DEPARTMENT

e-Procurement Notice
INVITATION FOR BIDS (IFB)

The Executive Engineer HPPWD Bangana Division Distt Una H.P on behalf of Governor of H.P invites the online bids for percentage rate, in electronic tendering in 2 Cover System for the below mentioned works from the eligible and approved contractors/Firms registered with HPPWD Department.

Sr.No.1 Name of Work : Annual Maintenace Plan for M.D.R. for the year 2024-25 Una Barsar Bhota Bhambla Kalkhar Ner Chowk road (SH:-Providing and laying 30 mm thick Bituminous concrete in km. 22/000 to 24/000 & 33/000 to 36/000) **Estimated Cost :**12565337 **EMD :**158200 **Time Limit :** Three Month **Cost of Tender :**5000 **Eligible class of Contractor :** Class A-C

Sr.No.2 Name of Work : Annual Maintenace Plan for the year 2024-25 on Link road from Una Dhamandri Road to Vishna Nagar km. 0/000 to 2/000, Link road Mansoh to Kudu km 0/000 to 4/000, Link road from Ambehra Dheeraj to Harot km. 4/000 to 6/000 and Link road from Una to Village Dangoli km. 0/000 to 1/560) (SH:-Providing and laying 30 mm thick Bituminous concrete) **Estimated Cost :** 10981734 **EMD :** 142400**Time Limit :** Three Month **Cost of Tender :**5000 **Eligible class of Contractor :** Class A-C

Sr.No.3 Name of Work : Annual Maintenace Plan for PMGSY Roads for the year 2024-25 on T.M.B.D road to Proiana Kalan km. 2/000 to 3/000 & 7/000 to 9/000, T.M.B.D road to Dobar km. 1/000 to 3/000), Lathiani Kohdra road km. 8/000 to 8/420 & Hatli Talpi road km. 0/000 to 1/000)(SH:-Providing and laying30mm thick Bituminous Concrete) **Estimated Cost :** 7852852**EMD :** 111100**Time Limit :** Three Month **Cost of Tender :**2000 **Eligible class of Contractor :** Class A-C

The bidders are advised to note other details / tender document / eligibility conditions from the department website https://hptenders.gov.in. For submission of bids, the bidder is required to have Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized Certifying Authorities (CA)

Key Dates:

1. Date of Online Publication	20.08.2024	11:00 HRS
2. Document Download Start	20.08.2024	11:30 HRS
and End Date	28.08.2024 upto 10:00 HRS	
3. Bid Submission Start	20.08.2024	11:30 HRS
and End Date	28.08.2024 upto 10:00 HRS	
4. Date of Technical Bid opening	28.08.2024	11:00 HRS
5. Evaluation of Technical Bid	Evaluation of technical Bid will be followed after verification of the documents.	

TENDER DETAILS:

a) The Tender Documents shall be uploaded online in 2 Covers:
b) Cover 1: shall contain scanned copies of all "Technical Documents/ **Eligibility Information".**
Cover2: shall contain "BOQ/Financial Bid", where contractor will quote his offer for each item.

3. SUBMISSION OF ORIGINAL DOCUMENTS: Sucessful bidder shall have to submit the original documents physically with the concerned authority before issue of Letter of award of the work. It may be noted that in case any uploaded scanned document is found to be false / forged at any stage, the bidder shall be debarred for tendering in HPPWD in future as per his affidavit / undertaking submitted along with his bid as per Hon'ble High Court Judgment in CWP NO. 6371/2021.

4. BID OPENING DETAILS: The bids shall be opened on 28.08.2024 at 11:00 HRS in the office Executive Engineer, Bangana Division HPPWD Bangana H.P. by the authorised officer. If the office happens to be closed on the date of opening of the bids as specified, the bids will be opened on the next working day at the same time and venue.

5. The bids for the work shall remain valid for acceptance for a period not less than 45 days after the deadline date for bid submission.

6. Other details can be seen in the bidding documents. The officer inviting tender shall not be held liable for any delays due to system failure beyond his control. The Employer shall not be liable for any information not received by the bidder. It is the bidders' responsibility to verify the website / tender portal for the latest information related to the tender

Executive Engineer
HPPWD Division Bangana
Distt Una H.P
on behalf of
Governor of Himachal Pradesh

Him Suchna Avam Jan Sampark **1531/2024-25**